**4 SEM FYUGP HINC4A**

**2025**

( June )

HINDI

( Core )

Paper : HINC4A

**( आदिकालीन एवं मध्यकालीन हिन्दी कविता )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 2 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×6=6

(क) विद्यापति के काव्य में किस रस की प्रधानता है?

(ख) कबीर को 'भाषा का डिक्टेटर' किसने कहा है?

(ग) सूरदास की रचनाओं का सर्वप्रथम संपादन किस नाम से हुआ?

(घ) कितनी आयु में बिहारी के पिता इनको लेकर ओरछा आ गए थे?

(ङ) 'रसखान पदावली' में कुल कितने पद हैं?

(च) तुलसीदास किस मत के अनुयायी हैं?

**2.** निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×3=24

(क) सैसव जौबन दुहु मिलि गेल। स्रवन क पथ दुहु लोचन लेल॥
वचन क चातुरि लहु-लहु हास। धरनिये चाँद कएल परगास॥
मुकुर लेई अब करई सिंगार। सखि पूछह कइसे सुरत-बिहार॥
निरजन उरज हेरइ कत बेरि। हसइ से अपन पयोधर हेरि॥
पहिल बदरि-सम पुन नवरंग। दिन-दिन अनंग अगोरल अंग॥
माधव पेखल अपुरुब बाला। सैसव जौबन दुहु एक भेला॥
विद्यापति कह तुहु अगे आनि। दुहु एक जोग हइ के कह सयानि॥

**अथवा**

कंचन-मंदिर ऊँचे बनाई कै मानिक लाइ सदा झलकयत।
प्रात ही तें सगरी नगरी नग मोतिन ही की तुलानि तुलैयत।
जद्यपि दीन प्रजान प्रजापति की प्रभुता मधवा ललचैयत।
ऐसे भए तौ कहा रसखानि जौ सांवरे ग्वार सों नेह न लैयत॥

(ख) दुलहनी गावहु मंगलचार,
हम घरि आये हो राजा राम भरतार।
तन रत फरि मैं मन रत फरिहुँ पंचतम बराती।
रामदेव मोरैं पाहुनै आये, मैं जोबन मैं माती।
शरीर सरोवर बेदी करिहूँ, ब्रह्मा बेद उचार।
रामदेव संगि भँवरी लैहूँ, धनि धनि भाग हमार।
सूर तेतीसूँ कौतिग आये, मुनिवर सहस अठ्यासी।
कहैं कबीर हम ब्याहि चले है, पुरिष एक अविनासी॥

**अथवा**

अविगत-गति कछु कहत न आवै।
ज्यों गूंगे मीठे फल कौ रस अन्तरगत ही भावै।
परम स्वाद सबही सु निरन्तर अमित तोष उपजावै।
मन बानी कौ अगम-अगोचर, सौ जानै जो पावै।
रूप-रेख-गुन जाति-जुगति-बिनु निरालंब कित धावै।
सब बिधि अगम विचारहिं तातें सूर सगुन-लीला पद गावै।





(ग) विश्वास एक राम-नाम को।
मानत नहिं परतीति अनत ऐसोइ सुभाव मन बाम को॥
पढ़िबो पर्‌यो न छठी छ मत रिगु जजुर अथर्वन साम को।
ब्रत तीरथ तप सुनि सहमत पचि मरै करै तन छाम को?॥
करम-जाल कलिकाल कठिन अधीन सुसाधित दाम को।
ग्यान बिराग जोग जप तप, भय लोभ मोह कोह काम को॥

**अथवा**

कवि कुल विद्याधर सकल कलाधर, राज राज बर वेष बने।
गनपति सुखदायक पसुपति लायक, सूर सहायक कौन गनै॥
सेनापति बुधजन मंगलगुरुगन, धर्मराज मन बुद्धि धनी।
बहु सुभ मनसाकर, करुनामय अरु सुर-तरंगिनी सोभासनी॥

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) विद्यापति की रचनाओं में भाषा के प्रयोग संबंधी जो विशेषताएँ मिलती हैं, उनका विवेचनात्मक विवरण दीजिए।

(ख) कबीरदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

(ग) ''सूरदास का वात्सल्य वर्णन हिन्दी साहित्य की अमूल्य निधि है।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(घ) ''बिहारी ने गागर में सागर भरने का प्रयास किया है।'' इस कथन की विवेचना कीजिए।

(ङ) गोस्वामी तुलसीदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

(च) 'नागमती के विरह वर्णन' की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

★★★

**4 SEM FYUGP HINC4B**

**2025**

( June )

# HINDI

( Core )

Paper : HINC4B

**( हिन्दी गद्य-साहित्य का इतिहास )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 2 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×6=6

(क) हिन्दी साहित्य के इतिहास में गद्य-काल को और किस नाम से जाना जाता है?

(ख) हिन्दी की प्रथम कहानी किसे माना जाता है?

(ग) हिन्दी साहित्य में उपन्यास-सम्राट का दर्जा किसे दिया गया है?

(घ) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के नाटककार कौन हैं?

(ङ) 'निबंध' शब्द के लिए अंग्रेजी में किस शब्द का व्यवहार किया जाता है?

(च) 'आलोचना' शब्द संस्कृत के किस धातु से मिलकर बना है?

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) हिन्दी गद्य-साहित्य का विकास कब हुआ था? गद्य साहित्य की तीन विधाओं का नामोल्लेख कीजिए।

(ख) प्रेमचंद-पूर्व की कहानियों की चार प्रमुख विशेषताओं को लिखिए।

(ग) प्रेमचंदयुगीन किन्हीं चार उपन्यासकारों के नाम लिखिए।

(घ) नाटक और एकांकी के अंतरों को लिखिए।

(ङ) प्रसाद युग के प्रमुख चार नाटककारों के नाम लिखिए।

(च) हिन्दी एकांकी की चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(छ) द्विवेदीयुगीन आलोचना को मुख्य रूप से कितने वर्गों में विभक्त किया गया है? किन्हीं तीन के नाम लिखिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 4×2=8

(क) प्रेमचन्दोत्तरयुगीन हिन्दी कहानी

(ख) आंचलिक उपन्यास

(ग) साठोत्तरी हिन्दी नाटक

(घ) शुक्लयुगीन आलोचना





**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) प्रेमचंदयुगीन कहानियों पर प्रकाश डालते हुए इनकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) उपन्यास-विधा को परिभाषित करते हुए इसके तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

(ग) हिन्दी नाटक के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

(घ) हिन्दी एकांकीकार के रूप में डॉ० रामकुमार वर्मा का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) हिन्दी आलोचना के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

(च) हिन्दी गद्य-साहित्य के क्रमिक विकास पर लेख लिखिए।

★★★

Total No. of Printed Pages—3

**4 SEM FYUGP HINC4C**

**2025**

( June )

HINDI

( Core )

Paper : HINC4C

**( हिन्दी कहानी साहित्य )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 2 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×6=6

(क) 'कफ़न' कहानी के प्रमुख पुरुष-पात्र का नाम क्या है?

(ख) 'उसने कहा था' कहानी के कहानीकार का नाम लिखिए।

(ग) 'मधुआ' कहानी के प्रमुख पात्र का नाम क्या है?

(घ) 'मलबे का मालिक' कहानी का कथ्य किस पर आधारित है?

(ङ) अज्ञेय का पूरा नाम क्या है?

(च) 'सिक्का बदल गया' कहानी कृष्णा सोबती के किस कहानी-संग्रह से ली गई है?

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) "'कफ़न' कहानी का उद्देश्य समाज में गरीबी और मानवता की स्थिति को उजागर करना है।" पठित पाठ के आधार पर समीक्षा कीजिए।

(ख) 'शरणदाता' कहानी की मूल संवेदना और उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'मलबे का मालिक' कहानी का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(घ) 'सिक्का बदल गया' कहानी में दर्शायी गई किन्हीं चार प्रमुख समस्याओं को लिखिए।

(ङ) 'वापसी' कहानी के माध्यम से मध्यवर्गीय परिवार की विवशताओं को उजागर कीजिए।

(च) 'पिता' कहानी में सामाजिक यथार्थ का चित्रण किस रूप में हुआ है, संक्षेप में लिखिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×2=14

(क) "मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है। जन्मभर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती हैं। सारे दृश्यों के रंग साफ होते हैं। समय की धुंध बिल्कुल उन पर से हट जाती है।"

(ख) "सरकार! मौज-बहार की एक घड़ी, एक लंबे दुःखपूर्ण जीवन से अच्छी है। उसकी खुमारी में रूखे दिन काट लिए जा सकते हैं।"





(ग) "जिस व्यक्ति के अस्तित्व से पत्नी माँग में सिंदूर डालने की अधिकारिणी है, समाज में उसकी प्रतिष्ठा है, उसके सामने वह दो वक्त भोजन की थाली रख देने से सारे कर्तव्यों से छुट्टी पा जाती है।"

(घ) "चनाब का पानी आज भी पहले-सा ही सर्द था, लहरें लहरों को चूम रही थीं। कश्मीर की पहाड़ियों से बर्फ पिघल रही थी। उछल-उछल आते पानी के भँवरों से टकराकर कगारे गिर रहे थे लेकिन दूर-दूर तक बिछी रेत आज न जाने क्यों खामोश लगती थी!"

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×2=24

(क) 'उसने कहा था' कहानी के आधार पर लहना सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) 'मधुआ' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) कहानी-तत्त्वों के आधार पर 'वापसी' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(घ) कहानी-कला के आधार पर 'कफ़न' कहानी की समीक्षा कीजिए।

★★★

Total No. of Printed Pages—3

**4 SEM FYUGP HINC4D**

**2025**

( June )

HINDI

( Core )

Paper : HINC4D

**( हिन्दी उपन्यास साहित्य )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 2 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×6=6

(क) हिन्दी साहित्य में 'उपन्यास सम्राट' किसे कहा जाता है?

(ख) 'काली आँधी' उपन्यास के उपन्यासकार कौन हैं?

(ग) अज्ञेय का पूरा नाम क्या है?

(घ) हिन्दी का सबसे पहला अस्तित्ववादी उपन्यास किसे माना गया है?

(ङ) मुंशी प्रेमचंद का वास्तविक नाम क्या है?

(च) 'फ़रिश्ते निकले' उपन्यास के प्रमुख पुरुष-पात्र का नाम लिखिए।

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) 'गोदान' उपन्यास की मूल संवेदना क्या है, संक्षेप में लिखिए।

(ख) 'काली आँधी' उपन्यास में समसामयिक राजनैतिक मूल्य किस प्रकार प्रकाशित हुआ है, बताइए।

(ग) 'फ़रिश्ते निकले' उपन्यास के आधार पर बेला बहू का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) 'अपने-अपने अजनबी' उपन्यास की मनोवैज्ञानिकता पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ङ) होरी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8

(क) बदलने की ताकत सबमें नहीं होती, जिनमें होती है, वह भी वक्त को बदलते-बदलते खुद बदल जाते हैं... वे जिनके पास यह... वक्त है, शायद वक्त को बदलना भी नहीं चाहते... सिर्फ वक्त का इस्तेमाल करना चाहते हैं।

(ख) विवाह को सामाजिक समझौता समझता हूँ और उसे तोड़ने का अधिकार न पुरुष को, न स्त्री को। समझौता करने से पहले आप स्वाधीन हैं, समझौता हो जाने के बाद आपके हाथ कट जाते हैं।

(ग) समय नापने के कई तरीके हैं। एक घड़ी का है, जो शायद सबसे घटिया तरीका है। क्योंकि उसका अनुभव से कम-से-कम संबंध है।





**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) उपन्यास-कला के आधार पर 'काली आँधी' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(ख) "'गोदान' कृषक जीवन का महाकाव्य है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'फ़रिश्ते निकले' उपन्यास में ग्रामीण स्त्री का संघर्ष किस प्रकार प्रतिफलित हुआ है? सविस्तार वर्णन कीजिए।

(घ) 'अपने-अपने अजनबी' उपन्यास का कथानक अपने शब्दों में लिखिए।

(ङ) प्रेमचंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

★★★